चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 29-03-24 | 02 | 7-8 |

The Tribune

# Alumni meet held at Hisar's Indira Chakravarty College

**Tribune News Service**

**HISAR, MARCH 28**

An alumni meet was organised for girl students of the 1984 batch at Indira Chakravarty College of Community Science of the Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) here today.

HAU Vice-Chancellor Prof BR Kamboj, who was the chief guest, said the alumni and researchers had made an important contribution in making the university recognised at the global level. "Alumni are the brand value of any institution and their experience also inspires entrepreneurship. The students should get guidance from the alumni who have the experience and exposure," he said.

Describing all the courses of the college as important, he said the growing participation of women in every field highlighted women empowerment.

College dean Beena Yadav thanked the former students who had come to attend the meet. She said a number of students from the 1984 batch participated in the programme, inspired the students with their experiences and gave valuable suggestions.

An exhibition of various handmade products such as clothes and food items was also organised on the occasion. Chief Guest Prof Kamboj visited the exhibition at Indira Chakravarty College of Community Science in Hisar.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 29-03-24 | 04 | 5-8 |

# पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से छात्राओं को उद्यमिता की मिलती है प्रेरणा : प्रो. काम्बोज

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 1984 बैच की पूर्व छात्राओं के लिए समारोह का आयोजन

हिसार, 28 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआऊंट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलवाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है।पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं।



*प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

### स्वर्णिम पलों को किया याद

**महाविद्यालय** की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रुचि दिखाई। समारोह में सैल्फी प्वॉइन्ट भी आर्कषण का केन्द्र रहा।

इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फौगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 29-03-24 | 10 | 2-5 |


## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित

# पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से छात्राओं को उद्यमिता की मिलती है प्रेरणा : प्रो. काम्बोज

- विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान: प्रो. बीआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्यन्नरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी को नारी शक्तिकरण की अहम मिसाल बताया कि वे आज पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए।


हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रूचि दिखाई। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 29-03-24 | 03 | 4-6 |

### सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में पूर्व छात्राओं का मिलन समारोह

# पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से छात्राओं को उद्यमिता की मिलती है प्रेरणा : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह किया गया। इसमें एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं।



## वस्त्रों व खाने-पीने की चीजों की प्रदर्शनी लगाई

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने विचार रखकर अनुभव भी सांझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने हिस्सा लिया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिम्मी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 29-03-24 | 04 | 4-5 |




एचएयू में आयोजित मिलन समारोह में मुख्यातिथि प्रो. बीआर कांबोज विश्वविद्यालय की पूर्व छात्राओं से मिलते हुए।। स्रोत:संस्थान

# एचएयू में 1984 बैच की पासआउट छात्राएं सालों बाद मिलीं तो खिले चेहरे

## पूर्व विद्यार्थियों ने विवि को दिलाई विश्व स्तर पर पहचान

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान सालों बाद जब ये छात्राएं मिलीं तो उनके चेहरे खिल उठे।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं और उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं।

**उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दिए सुझाव** : महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए।

उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। विश्वविद्यालय में बिताए यादगार पलों को भी ताजा किया। इस दौरान हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मंच संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 29-03-24 | 04 | 1-4 |

# पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू: कुलपति

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह हुआ। मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज रहे।

प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्यन्नरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रो. बीआर काम्बोज प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। • जागरण

उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान, परिधान व पालन पोषण संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बीना यादव ने कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इस दौरान खेलों का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 29-03-24 | 05 | 3-6 |

# पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से छात्राओं को उद्यमिता की मिलती है प्रेरणा : प्रो. काम्बोज

हिसार, 28 मार्च (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। छात्राओं की प्रतिभा, अनुभव, अनुशासन एवं आत्मविश्वास जैसे गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभी कोर्सों को अह्म बताते हुए कहा कि यहां पर छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान, परिधान व पालन पोषण संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी को नारी शक्तिकरण की अहम मिसाल बताया कि वे आज पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रूचि दिखाई। समारोह में सेल्फी पॉइन्ट भी आर्कषण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।



मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 29-03-24 | 04 | 4-8 |

### मटर के पौधे जीवाणु कैंडिडैटस फाइटोप्लाज्मा एस्टेरिस के कारण बनते हैं बौने व झाड़ीदार

# एचएयू के वैज्ञानिक डॉ. जगमोहन ने खोजी नई बीमारी

संदीप सिंहमार।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने मटर की नई बीमारी व इसके कारक जीवाणु कैंडिडैटस फाइटोप्लाज्मा एस्टेरिस (16 एस.आर. 1) की खोज की है। इस रोग से ग्रसित मटर के पौधे बौने और झाड़ीदार हो जाते हैं। पौधों में नई बीमारी को मान्यता देने वाली अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी (ए.पी.एस), यू.एस.ए. द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित जर्नल प्लांट डिजीज में वैज्ञानिकों की इस नई बीमारी की रिपोर्ट को प्रथम शोध रिपोर्ट के रूप में जर्नल में स्वीकार कर मान्यता दी है। अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी (ए.पी.एस) पौधों की बीमारियों के अध्ययन के लिए सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों में से एक है जो विशेषतः पौधों की बीमारियों पर विश्वस्तरीय प्रकाशन करती है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक दुनिया में इस बीमारी की खोज करने वाले सबसे पहले वैज्ञानिक हैं। इन वैज्ञानिकों ने फाइटोप्लाज्मा मटर में बीमारी पर शोध रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

### अंतरराष्ट्रीय संस्था अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी ने दी मान्यता




हिसार: कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज मटर की नई बीमारी की खोज करने वाले वैज्ञानिकों के साथ।

### वर्ष 2023 में मटर की फसल में दिखाई दिए थे लक्षण

अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि पहली बार फरवरी-2023 में सेन्ट्रल स्टेट फार्म, हिसार में मटर की फसल में नई तरह की बीमारी दिखाई दी, जिसमें मटर के 10 प्रतिशत पौधे बौने और झाड़ीदार हो गए थे। एचएयू के वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत के बाद इस बीमारी के कारक कैंडिडैटस फाइटोप्लाज्मा एस्टेरिस (16 एस.आर. 1) की खोज की है। उन्होंने कहा कि बीमारी की जल्द पहचान से योजनाबद्ध प्रजनन कार्यक्रम विकसित करने में मदद मिलेगी।

### इन वैज्ञानिकों का रहा विशेष योगदान

इस बीमारी के मुख्य शोधकर्ता और विश्वविद्यालय के प्लांट पैथोलॉजिस्ट डॉ जगमोहन सिंह ढिल्लों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठन अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी, यूएसए द्वारा मार्च, 2024 के दौरान इस शोध रिपोर्ट को प्रकाशित किया है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक इस बीमारी के सबसे पहले शोधकर्ता माने गए हैं। डॉ. ढिल्लों ने कहा कि कई रूपात्मक, आणविक और रोगजनकता परीक्षणों के आधार पर हम यह साबित करने में कामयाब रहे कि एक जीवाणु कैंडिडैटस फाइटोप्लाज्मा एस्टेरिस (16 एस.आर. 1) इस बीमारी का कारक है। इस रोग से ग्रसित मटर के पौधे बौने और झाड़ीदार हो जाते है। एचएयू के वैज्ञानिकों डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. धर्मवीर दूहन और आईएआरआई, नई दिल्ली से डॉ. हेमावती व डॉ. कीर्ति रावत ने भी इस शोधकार्य में योगदान दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 28.03.2024 | -- | -- |


# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 1984 बैच की पूर्व छात्राओं के लिए समारोह का आयोजन

## पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से छात्राओं को उद्यमिता की मिलती है प्रेरणा : प्रो. बी.आर. काम्बोज

सिटीपल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।



इप्रो. बी.आर. काम्बोज पूर्व छात्राओं व अधिकारियों के साथ

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। छात्राओं की प्रतिभा, अनुभव, अनुशासन एवं आत्मविश्वास जैसे गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभी कोर्सों को अहम बताते हुए कहा कि यहां पर छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान, परिधान व पालन पोषण संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी को नारी शक्तिकरण की अहम मिसाल बताया कि वे आज पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रूचि दिखाई। समारोह में सेल्फी पॉइन्ट भी आकर्षण का केन्द्र रहा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 28.03.2024 | -- | -- |

# पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव से छात्राओं को उद्यमिता की मिलती है प्रेरणा : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में 1984 बैच की पूर्व छात्राओं के लिए समारोह का आयोजन



**चिराग टाइम्स न्यूज**

हिसार- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं।

छात्राओं की प्रतिभा, अनुभव, अनुशासन एवं आत्मविश्वास जैसे गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभी कोर्सों को अहम बताते हुए कहा कि यहां पर छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान, परिधान व पालन पोषण संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी को नारी शक्तिकरण की अहम मिसाल बताया कि वे आज पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।

उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए।

कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रुचि दिखाई। समारोह में सेल्फी पॉइन्ट भी आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।